DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 26 मई 2022

रोहिणी की कई सड़कें टूटीं, कई साल से नहीं की जा रही मरम्मत

■ शमसे आलम, रोहिणी



गड्ढों से भर चुकी इन सड़कों पर अब हादसे होने का खतरा भी बढ़ने लगा है

रोहिणी की कई सेक्टरों और अन्य एरिया को जोड़ने वाली सड़कें कई साल से टूटी हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल सड़कों की मरम्मत के लिए शिकायत करते हैं, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया जाता है। इस बार फिर स्थानीय लोग बरसात से पहले ही इनकी मरम्मत की मांग कर रहे हैं। सेवा संकल्प के अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि इन सभी सड़कों की शिकायत लिखित में डीडीए के चीफ इंजीनियर से की है।

सड़क पर गहरे गड्ढे: रोहिणी सेक्टर-28 के सांस्कृति, बागवान अपार्टमेंट के सामने वाली सड़क, जो सेक्टर-28-29 के 100 मीटर की डिवाइडिंग रोड से जुड़ती है। करीब 300 मीटर लंबी यह सड़क करीब 2 साल से जर्जर हालत में है। सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए हैं।

दो साल से जर्जर: रोहिणी सेक्टर-34/35 की डिवाइडिंग रोड पर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट के सामने से यूईआर-2 तक टूटी हुई है। पिछले दो साल से इस रोड की भी मरम्मत नहीं हुई है। रोड के दोनों तरफ सर्विस रोड पर केवल पत्थर डाल छोड़ दिए गए हैं। हर समय धूल उड़ती रहती है।

हादसे का बढ़ा खतरा: रोहिणी सेक्टर-27 से मुनकर नहर के साथ बवाना इंडस्ट्रियल एरिया को जाने वाली सड़क पर कई गहरे गड्ढे हैं। अचानक गाड़ियों पहिया इन गड्ढों में आने से एक दम से ब्रेक लगाने की नौबत आ जाती है। कई गड्ढे दो फुट से भी अधिक गहरे हैं।

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
THURSDAY, MAY 26, 2022

Mega STP near Rajghat to check Yamuna pollution

TIMES NEWS NETWORK

New Delhi: Delhi Jal Board is going to set up a mega sewage treatment plant near Rajghat to stop the flow of untreated water into the Yamuna. A land measuring 30,000 square metres and belonging to Delhi Development Authority has been identified for this.

"For the past few years, increasing the capacity of the existing two MGD capacity treatment plants at Rajghat has been a top priority for the government. The land for the new plant, which will be much larger in capacity, has been identified just near the existing plants," said a government official.

Currently, through a drain near Rajghat, a lot of wastewater falls into the river directly.

There are a total of 34 sewage treatment plants in the city and a few more are in the pipeline to manage the city's waste treatment capacity.

बिंदापुर में सीवर और पाइपलाइन बदलने का प्रोजेक्ट शुरू



■ स, उत्तम नगर: बिंदापुर डीडीए फ्लैट्स में 40 साल पुरानी सीवर और पानी की पाइपलाइनों को बदलने का काम शुरू किया गया है। स्थानीय लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। माना जा रहा है कि काम शुरू होने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। उत्तम नगर के विधायक नरेश बाल्यान ने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद देशराज राठौर और कई लोग मौजूद थे।